# ग्राम पंचायत टम्बर, विकास खण्ड लम्बागांव जिला काँगड़ा, हि॰ प्र॰ –176095 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का

## अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

### भाग–एक

**1. प्रस्तावना**

**(क)** ग्यारहवें वित्त आयोग की सिफारिशों के फलस्वरूप हिमाचल प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1994 की धारा 118 में संशोधन होने व संयुक्त निदेशक एवं उप सचिव पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या PCH-HC-(5)C(15)LAD/2006-12669 दिनांक 07.04.2016 द्वारा पंचायती राज संस्थाओ के अंकेक्षण का दायित्व निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग को सौंपे जाने के दृष्टिगत, ग्राम पंचायत टम्बर, विकास खण्ड लम्बागांव, जिला काँगड़ा हि0 प्र0 के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा संचालित किया गया।

**अंकेक्षण अवधि के दौरान ग्राम पंचायत में निम्नलिखित प्रधान, सचिव, तकनीकी सहायक व ग्राम रोजगार सेवक कार्यरत रहे :–**

प्रधानः–

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती नेहा वर्मा | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

सचिव :–

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री संजीव कुमार | 01.04.2022 से 28.04.2022 |
| 2 | श्री वरिन्द्र मेहरा | 28.04.2022 से 14.07.2022 |
| 3 | श्री अजय कुमार | 15.07.2022 से 31.03.2024 |

**तकनीकी सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री विनोद कुमार | 01.04.2022 से 30.04.2022 |
| 2 | श्रीमती पूनम | 30.04.2022 से 30.11.2022 |
| 3 | विशाल कटोच | 01.12.2022 से 31.03.2024 |

**ग्राम रोजगार सहायक :–**

| क्र॰स॰ | नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्रीमती सुषमा देवी | 01.04.2022 से 31.03.2024 |

**(ख) गम्भीर अनियमितताओं का सारः—**

ग्राम पंचायत टम्बर के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों के अंकेक्षण एवं निरीक्षण के दौरान पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः—

| क्र0 सं0 | पैरा सं• | अनियमितता का संक्षिप्त सार | राशि (₹ लाखों में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 4(ग) | रोकड़ बही व बैंक के अन्त शेषो में अन्तर पाया जाना | 3.80 |
| 2 | 6.1 | अनुदान राशि का उपयोग हेतु शेष पाया जाना | 19.34 |
| 3 | 6.2 | शेष अनुदान राशियों का सभा निधि में अनुचित हस्तांतरण | 5.77 |
| 4 | 7.1 | सम्पत्तिकर/गृहकर का वसूली हेतु शेष पाया जाना | 0.76 |
| 5 | 7.2 | विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाना | 0.01 |
| 6 | 8.1 | औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही स्टॉक का क्रय करना | 0.49 |
| 7 | 8.2 | क्रय किये गये सामान की स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत दर्ज न करना | 8.43 |
| 8 | 8.3 | खनन सामग्री बिलो के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण अनियमित भुगतान करने बारे | 2.11 |
| 9 | 9.1 | आमन्त्रित निविदाओं में अनुमोदित न्यूनतम दर अनुसार भुगतान न करके अधिक भुगतान करना | 0.20 |
| 10 | 9.2 | माप—पुस्तिका में गलत गणना के फलस्वरूप अधिक भुगतान करना | 0.10 |
| 11 | 11 | निर्माण कार्यो के सन्दर्भ में अपेक्षित अभिलेख अंकेक्षणार्थ प्रस्तुत न करने बारे | 8.34 |

**(ग) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः—**

हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग द्वारा ग्राम पंचायत टम्बर का गत अंकेक्षण अवधि 01/04/2015 से 31/03/2018, तथा 01/04/2020 से 31/03/2022 के लिये किया गया था जिनके शेष पैरों पर की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्नलिखित हैः—

(1) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2015 से 31/03/2018 तक

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 4.1 | अनिर्णीत | — |
| 2. | 4.2 | अनिर्णीत | — |
| 3. | 4.3 | अनिर्णीत | — |
| 4. | 5 | अनिर्णीत | — |
| 5. | 6 | अनिर्णीत | — |
| 6 | 7 | अनिर्णीत | — |
| 7 | 8 | अनिर्णीत | — |
| 8 | 9 | अनिर्णीत | — |
| 9 | 10 | अनिर्णीत | — |
| 10 | 11 | अनिर्णीत | — |
| 11 | 12 | अनिर्णीत | — |
| 12 | 13 | अनिर्णीत | — |
| 13 | 14 | अनिर्णीत | — |
| 14 | 15 | अनिर्णीत | — |
| 15 | 16 | अनिर्णीत | — |

(2) अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन अवधि 01/04/2020 से 31/03/2022 तक

| क्र0 सं0 | पैरा सं0 | निर्णीत/ अनिर्णीत | अनुपालना का संक्षिप्त विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | 3 | निर्णीत | अंकेक्षण शुल्क की सम्बन्धित मांग व प्राप्ति रजिस्टर पृष्ठ संख्या 213 से पुष्टि उपरान्त |
| 2. | 4.1 (क,ख) | अनिर्णीत | — |
| 3. | 4.2 | अनिर्णीत | — |
| 4. | 4.3 | अनिर्णीत | — |
| 5. | 5 | अनिर्णीत | — |
| 6 | 6.1 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 7 | 6.2 | अनिर्णीत | — |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 8 | 7 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 9 | 8.1,8.2,8.3 | अनिर्णीत | — |
| 10 | 9.1,9.2,9.3 | अनिर्णीत | — |
| 11 | 10.1,10.2 | अनिर्णीत | — |
| 12 | 10.3 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |
| 13 | 11 | निर्णीत | नवीनतम स्थिति वर्तमान अंकेक्षण प्रतिवेदन में पुनःप्रारूपित कर दी गई है। |

## भाग—दो

**2. वर्तमान अंकेक्षणः—**

ग्राम पंचायत टम्बर के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण श्री प्रवीन कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा दिनांक 02.12.2024 से 09.12.2024 तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में प्रस्तुत की गई ऑनलाईन रोकड़ बहियों के आधार पर किया गया। आय व्यय की विस्तृत जाँच हेतु मास चयन निम्न तालिका के अनुसार स्वः स्त्रोतों की आय तथा पंचायत के कुल व्यय के आधार पर किया गयाः—

| वर्ष | आय | व्यय |
|---|---|---|
| 2022—23 | 03/2023 | 01/2023 |
| 2023—24 | 03/2024 | 03/2024 |

**अस्वीकरण (Disclaimer) :—वर्तमान अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन का प्रारूपण पंचायत के नियन्त्रक अधिकारी द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अभिलेख के आधार पर किया गया है। पंचायत द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई किसी भी सूचना/अभिलेख के अपूर्ण/गलत व उपलब्ध न होने की स्थिति में अंकेक्षण प्रतिवेदन पर होने वाले किसी भी प्रभाव हेतु हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग उत्तरदायी नहीं होगा।**

**3. अंकेक्षण शुल्कः—**

ग्राम पंचायत के अवधि 01/04/2022 से 31/03/2024 के लेखों का अंकेक्षण शुल्क ₹5600/— आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की इस राशि को रेखांकित बैंक ड्राफ्ट/मल्टीसिटी चैक के माध्यम से निदेशक, हिमाचल प्रदेश राज्य लेखा परीक्षा विभाग, शिमला—171009 को शीघ्रातिशीघ्र

प्रेषित करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा/अ.वृ.का./2024/614 दिनांक–09.12.2024 द्वारा पंचायत सचिव से अनुरोध किया गया।

4.1 **(क) वित्तीय स्थिति:–**

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांक:– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ.वृ.का./2024/598 दिनांक:–02.12.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत अभिलेख के अनुसार ग्राम पंचायत के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 के लेखों की वित्तीय स्थिति का संक्षिप्त विवरण निम्न प्रकार से है, जिसका विस्तृत विवरण संलग्न **परिशिष्ट–1** में भी दिया गया है:–

**1.स्वः–स्त्रोतः–**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 517973.50 | 460408.00 | 978381.50 | 572767.00 | 405614.50 |
| 2023-24 | 405614.50 | 308531.00 | 714145.50 | 393888.00 | 320257.50 |

**2.अनुदानः–**

| अवधि | अथशेष | प्राप्ति | योग (कॉलम 2+3) | व्यय | अन्तशेष (कॉलम 4–5) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 2022-23 | 2808135.33 | 2036009.36 | 4844144.69 | 3372612.36 | 1471532.33 |
| 2023-24 | 1471532.33 | 3173838.76 | 4645371.09 | 2711778.76 | 1933592.33 |

**कुल योग (1+2)**320257.50+1933592.33=**2253849.83**

**नोटः– सभा निधि/5th SFC अनुदान का संचालन संयुक्त रूप से खाता संख्या (20019005089) में किया गया है। अतः दिनांक 01.04.2022 को सभा निधि व 5th FC का अथशेष (444701.5 + 73272) ₹517973.5 एक मुश्त लिया गया है।**

**(ख). बैंक समाधान विवरणी:–**

ग्राम पंचायत की दिनांक 31.03.2024 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों/वित्तीय स्थिति अनुसार अन्तशेष ₹22,53,849.83 तथा बैंक खातों/हस्तगत राशि **"परिशिष्ट–3"** के अनुसार अन्तशेष ₹26,34,196.29 से सम्बन्धित बैंक समाधान विवरणी निम्नानुसार है:–

| | **बैंक खातों की विवरणीः–** | | | |
|---|---|---|---|---|
| **क्र.** | **विवरण** | **बैंक** | **खाता** | **अन्त शेष (₹)** |
| 1 | स्वःस्त्रोत / 5वां वित | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 20019005089 | 653680.78 |
| 2 | एस.डी.पी | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 50058330723 | 130512.00 |
| 3 | वी.के.वी.एन.वाई | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 50058330734 | 676563.00 |
| 4 | ए.ए.वाई | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 20019045523 | 0 |
| 5 | आर.ए.वाई | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 50059698549 | 0 |
| 6 | एम.एम.ए.जी.पाई | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 50061163972 | 0 |
| 7 | एम.पी.लेड | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 50058330789 | 0 |
| 8 | जी.आर.डी.वाई | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 50058330983 | 0 |
| 9 | 14वॉं वित्त | का•के•सह•बैंक लम्बागांव | 50058330712 | 0 |
| 10 | 15वॉंवित्त / पी.एस / जेड.पी | यूको•बैंक लम्बागांव | 10680100036167 | 1173440.51 |
| | हस्तगत शेष (ऑनलाईन रोकड़ बही के अनुसार) | | | 0 |
| बैंक खातों व हस्तगत शेष का दिनांक 31.03.2024 का कुल योगः– | | | | ₹2634196.29 |
| **दिनांक 31.03.2024 को बैंक समाधान विवरणी :–** | | | | |
| रोकड़ बही के आधार पर तैयार वित्तीय स्थिति (पैरा 4) के अनुसार अन्तशेषः– | | | | ₹2253849.83 |
| पंचायत के बैंक खातों का दिनांक 31.03.2024 का अन्तशेषः– | | | | ₹2634196.29 |
| अन्तरः– | | | | 380346.46 |

**नोटः– अंतर का कारण पंचायत द्वारा बैंक समाधान विवरणी तैयार न करना।**

**4(ग) रोकड़ बही एवं बैंक खातो के शेषों का नियमानुसार मिलान न करने के कारण अंकेक्षण में राशि ₹3.80 लाख का बहुत ज्यादा अन्तर पाया जाना :–**

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि, ग्राम पंचायत टम्बर द्वारा हि• प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे ,संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 7(3) व 10(1) की अनुपालना में बैंक समाधान विवरणी तैयार नहीं की गई थी, जिस कारण वर्तमान अंकेक्षण अवधि के अन्त में दिनांक 31.03.2024 को ऑनलाईन रोकड़ बहियों तथा बैंक खातों के अन्तशेष में राशि ₹380346.46 का अन्तर बैंक में अधिक शेष के रूप में था। जिसका विस्तृत ब्यौरा पैरा–4 में दिया

गया है। उक्त अनियमितता से संबंधित आपत्ति को गत अंकेक्षण में भी विभाग द्वारा उठाया गया था, लेकिन ग्राम पंचायत द्वारा कोई भी ठोस कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/600 दिनांकः—03.12.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—004 दिनांकः—09.12.2024 द्वारा दिया गया कि बैंक समाधान विवरणी तैयार करके अन्तर का मिलान कर दिया जायेगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा। प्रस्तुत उत्तर नियमानुसार न होने एवं तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः अन्तर के कारणों बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए तदानुसार वर्तमान में अन्तर का शीघ्रतिशीघ्र मिलान करके, भविष्य में नियमानुसार प्रत्येक माह बैंक समाधान विवरणी तैयार करना सुनिश्चित किया जाये तथा कृत सुधारात्मक अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

**(घ) स्कीम वाईज खाते न खोलने बारेः—**

निदेशक पंचायती राज विभाग के पत्र संख्या पी.सी.एच—एच.ए (5) सी (15) —(13) (एल) 5—47005—81 दिनांक—15.02.2012 के अनुसार स्कीम वाईज खाते खोले जाने का प्रावधान है।

ग्राम पंचायत टम्बर के बैंक खातो के अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा बैंक खाते स्कीम वाईज नहीं खोले गये थे। अंकेक्षण को उपलब्ध करवाई गई सूचनानुसार स्वःस्त्रोत, 5वां वित आदि शीर्षो के अन्तर्गत नियमो एवं निर्देशो के विरूद्ध संयुक्त खाता संख्या 20019005089 खोला गया था, जो पंचायत की सच्ची व सही वित्तीय स्थिति नहीं दर्शाता है एवं नियमों/निर्देशों के विपरीत होने के कारण आपत्तिजनक है। इस अनियमितता के कारण किसी व्यय के दो बार भुगतान होने तथा धन के दुर्विनियोजन की संभावना से भी इनकार नहीं किया जा सकता।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/613 दिनांकः—09.12.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या—004 दिनांकः—09.12.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि शीर्ष वाईज खातो का अनुसंधारण दिया कर दिया जायेगा।

अतः नियमानुसार स्कीम वाईज खातों का संचालन न करने का तथ्यपूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार व समय—समय पर जारी दिशा—निर्देशो अनुसार ही बैंक खातों का रख—रखाव किया जाना सुनिश्चित किया जाये।

**(ड.) लेखा खाता/खाताबही तैयार न करना :—**

हि॰ प्र॰ पंचायती राज (वित्त, बजट, लेखें, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियमावली 2002 के नियम 29(1 से 3) के अनुसार प्रत्येक पंचायत को प्रारूप—7 में लेखा खाता/खाता बही तैयार करने का प्रावधान है।

अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा अवधि 2022–23 की खाताबही/लेखा खाते तैयार नहीं किए गए थे। उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने के कारण वर्तमान अंकेक्षण के दौरान उक्त अवधि के चयनित मास के व्यय वाउचरो से इस तथ्य की पुष्टि सम्भव न हो सकी कि निम्न तालिका में दर्शाए गए कार्यो हेतु कितनी–कितनी राशि प्राप्त हुई व कितना व्यय हुआ है तथा निम्न कार्यो को पूरा किया जा चुका है अथवा नहीं:–

| क्र0 सं0 | अनुदान | वाउचर सं0/दिनांक | बिल स0/दिनांक, मस्ट्रोल सं0 | कार्य का नाम | राशि (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 14वां वित | पी/13,14,22,33/30.01.2023 | मस्ट्रोल–6526,00157,00576,00577,00578/21.03.2022,30.04.2022 | निर्माण कम्पलीशन जीपयोग्य सडक महिला मण्डल भवन से कुशल के घर तक वार्ड–4 | 183562 |
| 2 | 14वां वित | पी/15,20,21,27/31.01.2023 | 00227/22.03.2022/ मस्ट्रोल–6530,00610,00229/30.04.2022,14.05.2022 | निर्माण रास्ता मुख्य सडक से रोपडी की ओर वार्ड–5 | 152780 |
| 3 | 14वां वित | पी/16,18,19/30.01.2023 | 00175/22.03.2022, मस्ट्रोल–6529,006111 | निर्माण रास्ता सिर्दुल के घर से कंचन के घर की ओर | 101605 |
| 4 | 14वां वित | पी/23,28,29,30/30.01.2023 | 346,00245,00201/03.10.2022,05.12.2022,09.12.2022, मस्ट्रोल–6533 | निर्माण जीपेवल रोड बिहारी लाल के घर से पलाखर भाग–2 | 199250 |

इसके अतिरिक्त ग्राम पंचायत द्वारा स्वः स्त्रोत व अनुदानो से प्राप्त की गई आय की भी लेखा खाता/खाता बही के अभाव में वास्तविक प्राप्तियों की सत्यता की पुष्टि अंकेक्षण में नहीं की जा सकी, जोकि अनियमित तथा आपतिजनक है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्याः– राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/613 दिनांकः–09.12.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या 004 दिनांकः–09.12.2024

द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त अवधि की खाता बहियों/लेखा खातों को तैयार करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत उतर नियमानुसार न होने एवं तथ्यरहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा वर्तमान अंकेक्षण अवधि की खाताबही/लेखा खाते तैयार करते हुए भविष्य में भी खाताबही/लेखा खाते तैयार किये जाने सुनिश्चित किये जायें व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

**5 निवेश न करने बारेः—**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त ,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 11 के अनुसार प्रत्येक पंचायत द्वारा उपलब्ध अतिरिक्त निधियो को पंचायत द्वारा पारित प्रस्ताव उपरान्त राष्टीकृत बैंक, सहकारी बैंक अथवा सरकारी प्रतिभूतियो में इस प्रकार से निवेशित किया जाना अपेक्षित है कि इन पर अधिकतम ब्याज अर्जित किया जा सके।

ग्राम पंचायत द्वारा इस नियम की अनुपालना में अंकेक्षण अवधि के दौरान कोई निवेश नहीं किया गया था, जबकि वित्तीय स्थिति के अवलोकन से यह स्पष्ट है कि पंचायत के मुख्य निधि खाते में अंकेक्षणवधि के दौरान ₹5,30,394.78 से ₹6,53,680.78 तक की राशि शेष थी। इस चूक के कारण संसाधनो की कमी से जूझ रही पंचायत को अतिरिक्त ब्याज के रूप में होने वाले लाभ से वंचित होना पडा है। इस बारे में वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना सख्यां राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/613 दिनांकः 09.12.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पँचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या.004 दिनांक 09.12. 2024 द्वारा भविष्य में अनुपालना का आश्वासन दिया है।

अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए नियमानुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा निवेश की स्थिति में हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 12 (1) के अंतर्गत उल्लेखित प्रारूप—1 के अनुसार निवेश रजिस्टर का संधारण किया जाना भी सुनिश्चित किया जाये।

**6.1 अनुदान की राशि ₹19.34 लाख का उपयोग हेतु शेष पाया जानाः—**

हि0प्र0 पंचायती राज (वित्त बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 9 के अनुसार प्राप्त अनुदान राशियो को फंडिग एजेन्सी की अपेक्षाओं एवं मार्गदर्शन अनुसार निर्धारित उद्देश्य हेतु व्यय किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना संख्याः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2024/598 दिनांकः—02.12.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत सूचना जो कि [redacted]**1 व**

परिशिष्ट–2 पर संलग्न है ,के अनुसार दिनांक 31–03–2024 तक अनुदान में प्राप्त राशियों में से ₹19,33,592.33 की राशि उपयोग हेतु शेष थी:–

| क्र0सं0 | अनुदान का नाम | दिनांक | राशि (₹) |
|---|---|---|---|
| 1 | वी.के.वी.वाई.एन | 31.03.2024 | 720611 |
| 2 | एम.पी.लेड | 31.03.2024 | 5745 |
| 3 | एस.डी.पी | 31.03.2024 | 132400 |
| 4 | जी.आर.डी.वाई | 31.03.2024 | 49035 |
| 5 | आर.ए.वाई | 31.03.2024 | 455 |
| 6 | ए.ए.वाई | 31.03.2024 | 3420 |
| 7 | एम.एम.ए.जी.वाई | 31.03.2024 | 66169 |
| 8 | पी.एस | 31.03.2024 | 2315 |
| 9 | 14वाँवित्त | 31.03.2024 | .148531.18 |
| 10 | 15वाँवित्त/पी.एस/जेड.पी | 31.03.2024 | 1101973.51 |
| | | **कुल जोड** | **1933592.33** |

उपरोक्त तथ्य स्पष्ट करते हैं कि उक्त शीर्षो के अन्तर्गत करवाये जा रहे विकास कार्यो का निष्पादन अपेक्षित स्थिति में नहीं है तथा निर्धारित विकास के लक्ष्यों को प्राप्त करने से यह पंचायत पीछे है।

इस शेष राशि के उपयोग/व्यय न करने बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/601 दिनांक–04.12.2024 द्वारा अनुरोध किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र 004 दिनांक:–09.12.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि शेष अनुदान राशि को आगामी समय में व्यय करने उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जायेगा।

अतः शेष अनुदान राशि को अंकेक्षण अवधि के दौरान व्यय न करने के उचित कारणों को स्पष्ट करते हुए उक्त राशि को नियमानुसार निर्धारित उद्येश्यों हेतु व्यय करना सुनिश्चित किया जाए तथा तदानुसार कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**6.2 14वां वित व अन्य योजनाओं के अंतर्गत शेष बची राशि ₹5.77 लाख को ग्राम पंचायत द्वारा सभा निधि में अनियमित हस्तांतरण करने बारे :–**

विशेष सचिव (RD&PR) हि0 प्र0 सरकार के पत्र संख्या No.I/518921/2024 PCH-HC(1) e-PRI दिनांक 21.11.2024 द्वारा जारी दिशा–निर्देशों अनुसार 14वें वित के अंतर्गत ई–ग्रामस्वराज पोर्टल पर व्यय करने की समयबद्धता को 31 मार्च 2025 तक बढा दिया गया है।

वर्तमान अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट "8"** के अनुसार 14वां वित से ₹447070 तथा अन्य योजनाओं से ₹130175 व कुल मिलाकर ग्राम पंचायत के बैंक खातो में बची शेष राशि (₹447070+130175) ₹577245/— का हस्तांतरण सभा निधि में किया गया है, जोकि उक्त दिशा निर्देशों की अवहेलना है। इसके अतिरिक्त उक्त हस्तांतरित राशि से संबंधित फण्ड हस्तांतरण आदेश या सक्षम अधिकारी द्वारा पारित आदेशो से संबंधित अभिलेखो को अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं किया गया है।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/612 दिनांकः—09.12.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—004 दिनांकः—09.12.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि उक्त हस्तांतरण आदेशो बारे विभाग के उच्चाधिकारियो से चर्चा उपरान्त अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युंतर निर्देशों के विपरीत एवं तथ्यसहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः उक्त किये गए अनियमित हस्तांतरण बारे सम्पूर्ण समर्थित अभिलेखों सहित वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा उक्त राशि को सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाए व यह भी सुझाव दिया जाता है कि भविष्य में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी फण्ड हस्तांतरण आदेशो उपरान्त ही हस्तांतरण करना सुनिश्चित किया जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

## 6.3 14वाँ वित्त अनुदान के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान से राशि ₹1.48 लाख का अधिक व्यय करनाः—

निदेशक, पंचायती राज विभाग, हि0प्र0 शिमला—9 के पत्र संख्या पी0सी0एच0—एच0ए0(5)सी(15)313/89—23504—26746 दिनांक 16.07.2010 के अन्तर्गत ग्राम पंचायतों द्वारा धन राशि के प्रयोग करने हेतु जारी मार्गदर्शनानुसार अनुदान राशि से अधिक व्यय किसी भी अवस्था में न किया जाए।

अंकेक्षण में पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा प्रस्तुत **परिशिष्ट—2** के अनुसार, दिनांक 31.03.2024 तक निम्न तालिका में दर्शाए शीर्ष 14वाँ वित्त के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान की अपेक्षा ₹148531.18 का अधिक व्यय किया गया दर्शाया गया था, जोकि एक अनियमिता हैः—

| क्र0सं0 | अनुदान | खाता संख्या | अधिक व्यय |
|---|---|---|---|
| 1 | 14वाँ वित्त | 50058330712 | 148531.18 |

अतः निदेशक, पंचायती राज विभाग के मार्गदर्शन की उल्लंघना करते हुये उपरोक्त अनुदान के अन्तर्गत किये गये अधिक व्यय बारे तथ्यपूर्ण स्थिति स्पष्ट की जाये अन्यथा इसकी वसूली उचित

स्त्रोत से करके सम्बन्धित खाते में जमा करना सुनिश्चित किया जाए व यथास्थिति कृत अनुपालना से इस विभाग को शीघ्र अवगत करवाया जाये।

**7.1 सम्पति कर/गृहकर की ₹0.76/– लाख की राशि का वसूली हेतु शेष पाया जानाः–**

हि0प्र0 पंचायती राज ;वित्त,बजट,लेखे,सकर्म,कराधान व भत्तेद्ध नियम 2002 के नियम 34 (2) के अनुसार पंचायत को देय कोई भी राशि बिना पर्याप्त कारणों के पराटेय/अदत (Outstanding) नहीं रखी जाएगी।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0 /2024/598 दिनांकः–02.12.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "4"** पर संलग्न सूचना के अनुसार सम्पत्तिकर/गृहकर के रूप में **₹75690/–** की राशि दिनांक 31.03.2024 को वसूली हेतु शेष थी। सम्पत्तिकर/गृहकर की इतनी अधिक राशि का पंचायत द्वारा बिना पर्याप्त कारणों के शेष पाया जाना यह स्पष्ट करता है कि पंचायत अपने राजस्व की नियमित उगाही के प्रति गंभीर नहीं है। परिणामस्वरूप सम्पत्ति कर/गृहकर की वसूली न करने से उस पर अर्जित ब्याज से होने वाले लाभ से भी पंचायत को वंचित होना पड़ा।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना संख्या राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/602 दिनांकः–04.12.2024 द्वारा सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–004 दिनांकः–09.12.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि सम्पति कर/गृहकर की बकाया राशि की वसूली करने उपरान्त सभा निधि में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुसार व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः पंचायत राजस्व की बकाया राशि की वसूली न करने के कारणों की नियमानुसार तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए बकाया राशि की अविलम्ब वसूली करना सुनिश्चित करके, भविष्य में भी इसकी वसूली प्राथमिकता के आधार पर प्रतिवर्ष की जानी सुनिश्चित की जाए व कृत सुधारात्मक अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये।

**7.2 विवाह पंजीकरण के रूप में प्राप्त की गई राशि ₹0.01/– लाख को सरकारी कोष में जमा न करवाने बारेः–**

सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश शिमला की अधिसूचना संख्या–SJE-A-A-(3)-1/2015 दिनांकः– 04.10.2016 के अंतर्गत विवाह रजिस्ट्रेशन शुल्क निर्धारित दर से प्राप्त करने के उपरान्त विवाह पंजीकरण नियम 2004 के नियम 9 के अनुसार राजकीय कोष में निर्धारित प्राप्ति मुख्य शीर्ष खाता संख्या "0070–60–108–01" में जमा करवाया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/598 दिनांकः—02.12.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "5"** पर संलग्न सूचना व निम्न तालिका के अनुसार ग्राम पंचायत टम्बर द्वारा वर्ष 2023—24 के दौरान ₹1400 विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई ,परन्तु उसे सरकारी कोष में जमा नहीं करवाया गया थाः—

| **क्र0सं0** | **वित्तीय स्थिति** | **विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि (₹)** |
|---|---|---|
| 1 | 2023—24 | 1400 |

विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त उक्त राशि को सरकारी कोष में जमा न करवाने का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/602 दिनांकः—04.12.2024 के अंतर्गत सचिव ग्राम पंचायत टम्बर के ध्यानार्थ लाया गया, जिसके प्रतिउत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्या—004 दिनांकः—09.12.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को सरकारी कोष में जमा करवा दिया जाएगा व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

अतः विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त की गई राशि को नियमानुसार सरकारी कोष में जमा न करवाने का पूर्ण औचित्य स्पष्ट किया जाए अथवा अंकेक्षण को दिये गये आश्वासनानुसार विवाह पंजीकरण शुल्क के रूप में प्राप्त राशि को शीघ्र अति शीघ्र सरकारी कोष जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए व कृत अपेक्षित अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**8.1 निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही ₹0.49 लाख के स्टॉक का क्रय करनाः—**

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 67(4) व 67(5) के अन्तर्गत पंचायत द्वारा किये जाने वाले व्यय से सम्बन्धित आपूर्ति आदेश ,निविदा आदि औपचारिकताएं प्रावधित हैं।

ग्राम पंचायत टम्बर के व्यय वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा, संलग्न **परिशिष्ट "6"** के अनुसार ₹48543/— का व्यय निविदा सम्बन्धी औपचारिकताओं को पूर्ण किए बिना ही किया गया था जोकि उक्त नियमों के अनुसार न होने के कारण अनियमित व आपत्तिजनक है, जिससे स्पष्ट है कि पंचायत द्वारा उक्त व्यय करते समय बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ नहीं उठाया गया था।

पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/603 दिनांकः—06.12.2024 द्वारा उपरोक्त अनियमितत्ता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—004

दिनांकः—09.12.2024 द्वारा सूचित किया गया कि भविष्य में औपचारिकताओं को पूर्ण करके ही सामान क्रय किया जायेगा। प्रस्तुत प्रत्युतर नियमानुकूल न होने व तथ्य रहित होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः इस अनियमितता बारे तथ्यपूर्ण वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुए इसे सक्षम प्राधिकारी की कार्योतर स्वीकृति से नियमित करवाया जाये तथा भविष्य में बाजारीय प्रतिस्पर्धा का लाभ उठाते हुये नियमानुसार ही स्टॉक/स्टोर का क्रय किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**8.2 क्रय किये गये सामान राशि ₹8.43 लाख का स्टॉक रजिस्टर में स्टॉक प्राप्ति व खपत से सम्बन्धित लेखांकन न होनाः—**

हि•प्र• पंचायती राज (वित्त बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भत्ते) नियम 2002 के नियम 72(1) (ए.बी.सी.डी.) के अनुसार पंचायत द्वारा क्रय किये गए भंडार का उसकी स्थायी व अस्थायी प्रकृति के अनुरूप प्रारूप 25,26,27 व 28 में लेखांकन किया जाना अपेक्षित है।

ग्राम पंचायत टम्बर के अवधि 01.04.2022 से 31.03.2024 तक के दौरान की गई खरीद के वाउचरों के नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि पंचायत द्वारा संलग्न **परिशिष्ट—"6"** पर संकलित राशि ₹8,43,180.10 के स्टॉक को क्रय उपरान्त स्टाक रजिस्टरों में दर्ज नहीं किया गया था, जिससे कृत व्यय का पूर्ण अंकेक्षण संभव न हो सका।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/604 दिनांकः—06.12.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः—004 दिनांकः—09.12.2024 द्वारा अवगत करवाया गया कि सामग्री का स्टॉक रजिस्टर में इन्द्राज कर लिया जायेगा। प्रस्तुत उतर तथ्यरहित एवं नियम प्रावधानों के प्रतिकूल होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया।

अतः क्रय किये गये प्रत्येक सामान का पारदर्शी इन्द्राज किया जाना सुनिश्चित किया जाए व भविष्य में इस प्रकार की अनियमितता की पुनरावृति को रोका जाये तथा कृत सुधारात्मक कार्यवाही से अंकेक्षण को शीघ्रातिशीघ्र अवगत करवाया जाये।

**8.3 खनन सामग्री बिलो के साथ वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" की प्राप्ति सुनिश्चित न करने के कारण राशि ₹2.11 लाख का अनियमित भुगतान करने बारेः—**

हिमाचल प्रदेश माइनर मिनरल नियम 2015 के नियम 81 व 81—ए के अनुसार किसी व्यक्ति द्वारा खनन सामग्री की आपूर्ति करने पर अधिकृत माइनिंग लीज होल्डर द्वारा जारी व माइनिंग अधिकारी या अन्य प्राधिकारी द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित ट्रांजिट पास फॉर्म डब्लयू या सप्लीमेंटरी पास फॉर्म X उपलब्ध करवाना अनिवार्य है। अन्यथा उक्त नियम की द्वितीय अनुसूची के अनुसार निर्धारित दरो से रॉयल्टी का भुगतान 25 प्रतिशत पेनल्टी के साथ करना होगा, परन्तु निदेशक ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग शिमला के पत्र संख्या XEN-(RD&PR)-DB-

General/2023-1/204192/2023-34307-30 दिनांक 02.11.2023 के अंतर्गत पुनः दिये गये निर्देशानुसार संविदाकारों/आपूर्तिकर्ताओं से माननीय उच्च न्यायालय के आदेशों के दृष्टिगत अब रॉयल्टी नहीं काटी जा सकती तथा इन्हें भुगतान केवल वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" जमा/उपलब्ध करवाने उपरान्त ही किया जाना अपेक्षित है।

पंचायत सचिव द्वारा अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां0/2024/599 दिनांकः–02.12.2024 के प्रत्युत्तर में प्रस्तुत **परिशिष्ट "7"** पर संलग्न सूचना व नमूना अंकेक्षण में पाया गया कि निर्माण कार्यो के निष्पादन हेतु आपूर्तिकर्ताओं से खनन सामग्री जैसे रेत,बजरी,पत्थर इत्यादि की वैध स्त्रोत से आपूर्ति के समर्थन में उक्त ट्रांजिट पास फॉर्म अंकेक्षण में प्रस्तुत नही किए गए। परिणामस्वरूप आपूर्तिकर्ता को ₹210590/– का अनियमित भुगतान किया गया एवं पूर्वोक्त नियम ,प्रावधानों एवं समय –समय पर जारी आदेशों व निर्देशों की स्पष्ट अवहेलना के दृष्टिगत अंकेक्षण अवधि के चयनित मासो में किये गए समस्त भुगतान अनियमित प्रतीत होते हैं।

इस अनियमितता बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु पंचायत सचिव को अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/607 दिनांकः–07.12.2024 द्वारा आग्रह किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–004 दिनांकः–09.12.2024 द्वारा सूचित किया गया कि उक्त व्यय वैध टांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्त किये बिना ही किया गया है व उक्त व्यय जानकारी के अभाव में किया गया है। वर्तमान समय से उक्त फॉर्म प्राप्त करने उपरान्त ही भुगतान किया किया जा रहा है, प्रस्तुत उत्तर अंकेक्षणापति के अनुकूल न होने के कारण संतोषजनक नहीं पाया गया। क्योंकि उक्त पत्र में वर्णित निर्देशानुसार समस्त भुगतान वैध ट्रांजिट पास फॉर्म "X" या "W" प्राप्ति उपरान्त किये जाने थे।

अतः अंकेक्षण अवधि के दौरान खनन सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को नियमों के विरूद्ध एवं समय–2 पर जारी निर्देशों के विरूद्ध किये गये समस्त अनियमित भुगतानो को (उनके पूर्ण विवरण सहित) या तो समर्थित अपेक्षित अभिलेख सहित पूर्ण न्यायोचित ठहराया जाये अथवा ऐसे सभी प्रकरणों को संबंधित जिला खनन अधिकारी के समक्ष उठाते हुए तदानुसार कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाये ।

**9.1 आमन्त्रित निविदाओं में अनुमोदित न्यूनतम दर अनुसार भुगतान न करके, अधिक दर से ₹0.20 लाख का अधिक भुगतान करनाः–**

हि•प्र• पंचायती राज (वित बजट लेखे, संकर्म, कराधान व भते) नियम 2002 के नियम 76 के अनुसार यदि किसी बिल/वाउचर का वास्तविक भुगतान से अधिक भुगतान किया जाता है तो पंचायत सचिव व्यक्तिगत तौर पर तत्परता से अधिक किये गये भुगतान का वसूली करने का जिम्मेवार होगा।

पंचायत द्वारा निर्माण कार्यो के लिये सामग्री खरीदने हेतु आमन्त्रित टैंडरों के उत्तर में प्राप्त चार निविदाओं में मै0 नेशनलस टाईल्स एण्ड कंस्टक्शन दारला सुजानपुर द्वारा तीन मदो कैशर रेत, कैशर बजरी, शटरिंग हेतु ₹38 प्रति घन फुट, 35 प्रति घन फुट व ₹16/– प्रति वर्ग फुट तथा मै0 प्रदीप सिंह भुंग टम्बर द्वारा ₹47 प्रति घन फुट, 46 प्रति घन फुट व ₹25/– प्रति वर्ग फुट तथा मै0 राकेश चन्द मिन्हास हलेड जयसिंहपुर द्वारा ₹50 प्रति घन फुट, 40 प्रति घन फुट व शेटरिंग की कोई दर नहीं दी गई तथा मै0 गुरमीत सिंह ठाकुर टम्बर द्वारा ₹39 प्रति घन फुट, 36.50 प्रति घन फुट व ₹20/– प्रति वर्ग फुट दी गई थी। स्पष्ट रूप से इसमें से मै0 नेशनलस टाईल्स एण्ड कंस्टक्शन दारला सुजानपुर द्वारा दी गई दरे ₹38/– तथा 35/– व 16/– ही न्यूनतम है।

नमूना अंकेक्षण में वाउचरों का अवलोकन करने पर पाया गया कि ग्राम पंचायत द्वारा 14वां वित अनुदान के अंतर्गत निम्नविवरणानुसार उक्त मदो का क्रय मै0 नेशनलस टाईल्स एण्ड कंस्टक्शन दारला सुजानपुर के स्थान पर मै0 प्रदीप सिंह भुंग टम्बर को उनके द्वारा दी गई दरो से भी अधिक दरो से ,भुगतान किया गया। आमन्त्रित निविदाओं में अनुमोदित न्यूनतम दर अनुसार भुगतान न करके ,अधिक दर पर राशि ₹20355/– का अधिक भुगतान किया गया था, जोकि एक गम्भीर वितीय अनियमितता है।:–

| अनुदान | वाउचर स0/ दिनांक/ बिल स0 | आपूर्तिकर्ता | सामान का विवरण | न्यूनतम व अपेक्षित दर से भुगतान (₹) | किया गया भुगतान (₹) | अधिक भुगतान (₹) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1.14वां वित | पी/14/30. 01. 2023/00157 | मै प्रदीप सिंह भुंग टम्बर | रेत कैशर<br>बजरी कैशर | 14440 (380cft@38)<br>9100 (260cft@35) | 19760 (380cft@52)<br>12480 (260cft@48) | 5320<br>3380 |
| 2.14वा वित | पी/15/30. 01. 2023/00227 | मै प्रदीप सिंह भुंग टम्बर | रेत कैशर<br>बजरी कैशर<br>शेटरिंग | 8588 (226cft@38)<br>7595 (217cft@35)<br>3984 (249sqf@16) | 11752 (226cft@52)<br>10416 (217cft@48)<br>5229 (249sqf@21) | 3164<br>2821<br>1245 |
| 3.14वां वित | पी/16/30. 01. 2023/00175 | मै प्रदीप सिंह भुंग टम्बर | रेत कैशर<br>बजरी कैशर<br>शेटरिंग | 6650 (175cft@38)<br>2625 (75cft@35)<br>3200 (200sqf@16) | 9100 (175cft@52)<br>3600 (75cft@48)<br>4200 (200sqf@21) | 2450<br>975<br>1000 |
| **कुल योग** | | | | | | **₹20355** |

उक्त किये गए अधिक भुगतान का प्रकरण अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकः राज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/608 दिनांकः–07/12/2024 के अंतर्गत पंचायत सचिव टम्बर के ध्यानांर्थ वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु लाया गया, जिसकी वसूली रसीद सख्यां 205896 द्वारा करने उपरान्त, खाता संख्या 20019005089 में दिनांक 16.12.2024 को जमा करवा दिया गया है। जिसकी अंकेक्षण पुष्टि कर ली गई है, जिसे सम्बन्धित अनुदान शीर्ष में जमा करवाया जाना अपेक्षित है ।

अतः ऐसे अन्य मामलों की विभागीय स्तर पर जाँच कर यथास्थिति कृत अपेक्षित कार्यवाही से अंकेक्षण विभाग को अवगत करवाना सुनिश्चित करें।

**9.2 मनरेगा अनुदान से निर्माण कार्य के लिये माप–पुस्तिका में गलत गणना द्वारा सामग्री खरीद हेतु ₹0.10 लाख का अधिक भुगतान करनाः–**

चयनित मास 01/2023 के वाउचर संख्या 101 दिनांक 11.01.2023 व बिल संख्या 192 द्वारा निम्न निर्माण कार्य को करवाने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा 128 सीमेंट बैग की खरीद की गई थी।

जिसके अंकेक्षण के सन्दर्भ में निर्माण कार्य रास्ता डाक घर से लेकर टासफार्मर तक वार्ड–5 की रिकार्ड प्रविष्टियों का अंकेक्षण करने पर पाया गया कि माप पुस्तिका संख्या 5040 के पृष्ठ संख्या 40,41 व 42 में कार्य की वास्तविक मात्रा दर्शाई निष्पादित कार्य मात्रा से निम्नानुसार कम पाई गई जिसके परिणामस्वरूप 25 बैग सीमेंट की अधिक खप्त निम्न विवरणानुसार दर्शाई गई थीः–

| मद.स. | निष्पादित मात्रा | वास्तविक मात्रा | अन्तर |
|---|---|---|---|
| 5 | P/L C/C 1:3:6(1cement:3sand:6agg)excluding the cost of formwork<br>15x(1.50+1.55/2)x(0.10+0.075/2)=2.00<br>15x(1.55+1.60/2)x(0.10+0.075/2)=2.95<br>15x(1.60+1.70/2)x(0.10+0.075/2)=3.09<br>15x(1.70+1.65/2)x(0.10+0.075/2)=3.04<br>15x(1.65+1.70/2)x(0.10+0.075/2)=3.14<br>15x(1.70+1.50/2)x(0.10+0.075/2)=3.60<br>5x(1.50+1.45/2)x(0.10+0.075/2) =0.73<br>For small drain<br>20x0.15x(0.15+0.20/2) = <u>0.52</u><br>Total 19.07<br>(ii) New R.D<br>15x(1.25+1.30/2)x(0.10+0.075/2)=1.67<br>15x(1.30+1.30/2)x(0.10+0.075/2)=1.67<br>15x(1.30+1.40/2)x0.10 =2.02<br>15x(1.40+1.75/2)x(0.10+0.075/2)=2.06 | P/L C/C 1:3:6(1cement:3sand:6agg)excluding the cost of formwork<br>15x(1.50+1.55/2)x(0.10+0.075/2)=2.00<br>15x(1. 60+1.70/2)x(0.10+0.075/2)=2.17<br>15x(1.70+1.65/2)x(0.10+0.075/2)=2.20<br>15x(1.65+1.70/2)x(0.10+0.075/2)=2.20<br>15x(1.70+1.50/2)x(0.10+0.075/2)=2.10<br>5x(1.50+1.45/2)x(0.10+0.075/2)=0.65<br>For small 55+1.60/2)x(0.10+0.075/2)=2.07<br>15x(1.<br>drain<br>20x0.15x(0.15+0.20/2) = <u>0.52</u><br>Total 13.91<br>(ii) New R.D<br>15x(1.25+1.30/2)x(0.10+0.075/2)=1.67<br>15x(1.30+1.30/2)x(0.10+0.075/2)=1.70<br>15x(1.30+1.40/2)x0.10 =2.02 | 5.13 m3 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | 12x(1.75+1.65/2)x0.10 =2.04<br>Total Qnty =28.53m3 | 15x(1.40+1.75/2)x(0.10+0.075/2)=2.06<br>12x(1.75+1.65/2)x0.10 =2.04<br>Total Qnty =23.40m3 | |

| मद.स. | मद का नाम | निष्पादित मात्रा | खप्त योगय सामग्री | खप्त की गई सामग्री | अंतर | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | P/L(1:3:6) | 28.53 m3 | 103 बैग | 128बैग | 25 | 392.15 | 9804 |

1. Item-3 P/L(1:3:6)-Assessment Qty.(Worng Calculation)taken as per MB =28.53m3

Actual Assessment =23.40m3

Difference(ExcessTaken) =5.13m3

उक्त अनियमितता के दृष्टिगत किये गए भुगतान को नियमानुसार वस्तुस्थिति स्पष्ट करने हेतु अंकेक्षण अधियाचना क्रमांकःराज्य लेखा परीक्षा विभाग/अ0वृ0कां/2024/609 दिनांकः–07.12.2024 के अंतर्गत पंचायत सचिव को सूचित किया गया, जिसके प्रत्युत्तर में पंचायत सचिव के कार्यालय पत्र संख्याः–004 दिनांकः–09.12.2024 द्वारा स्पष्ट किया गया कि अधिक भुगतान की गई राशि की वसूली उचित स्त्रोत से करने उपरान्त संबंधित शीर्ष में जमा करवा दी जाएगी व अंकेक्षण को अवगत करवा दिया जाएगा।

